# मॉडल - (03)

## विषय - इतिहास, कक्षा– 10वी

### विषय कोड – 315

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसके अंतर्गत सही विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर दो एवं सही जोड़ी मिलाओ, 4 खंडों में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड पर 05 अंक निर्धारित है। कुल 20 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न कमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 25 शब्द है।
4. प्रश्न कमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न कमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
6. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 75 शब्द है।
7. प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 100 शब्द है।
8. प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 150 शब्द है।

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) वेदों की संख्या है–

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पांच

(ii) भगवान विष्णु के कितने अवतार माने जाते हैं।

(अ) पांच (ब) आठ

(स) दस (द) बारह

(iii) अहमद शाह ने किस शहर की नींव रखी

(अ) सूरत (ब) अहमदाबाद

(स) गांधीनगर (द) बड़ोदरा

(iv) विक्रमशीला विश्वविद्यालय की नींव रखी थी।

(अ) मिहिरभोज (ब) राजेन्द्र प्रथम

(स) धर्मपाल (द) दंतीदुर्ग

(v) सम्राट कनिष्क को किस धर्म का संरक्षक जाना जाता है।

(अ) जैन धर्म (ब) हिंदु धर्म

(स) वैष्ण धर्म (द) बौद्ध धर्म

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(i) हड़प्पाकालीन मुद्राओं पर .................... वृक्ष की आकृति पाई गई है।

(ii) बौद्ध धर्म के संस्थापक ............................. थे।

(iii) सातवाहन राज्य में प्रशासन की लघु ईकाई थी।

(iv) कश्मीर का अकबर ............................ को कहते हैं।

(v) ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना ............................ में हुई थी।

## खण्ड (स)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।**

(i) रॉलेट सत्याग्रह कब आरंभ हुआ था। ?

(ii) दादा भाई नौरोजी की लिखी पुस्तक का नाम लिखिए।

(iii) 1917 की रूसी क्रांति के पूर्व रूस में कौन सी राजनीतिक प्रणाली थी ?

(iv) हिटलर ने किस दल का गठन किया था ?

(v) औद्योगीकरण का आरंभ किस देश से हुआ था ?

## खण्ड (स)

**सही जोड़ी बनाइये –**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| (i) | परमाणु परीक्षण पर हस्ताक्षर | संस्कृत काव्य |
| (ii) | मैगस्थनीज | हस्तलिखित |
| (iii) | कालीदास | 1963 |
| (iv) | उपमा | ग्रीक दूत |
| (v) | पांडुलिपि | तमिलनाडू |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता क्यों कहते हैं ?

प्रश्न 3 उत्तरपथ से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 4 बाबर ने भारत पर क्यों आक्रमण किया था ?

प्रश्न 5 सुल्तान के पद के गौरव को बनाये रखने के लिए सिकन्दर ने क्या कदम उठाए थे ?

प्रश्न 6 मीर समा कौन था ?

प्रश्न 7 लार्ड डलहौजी की राज्य विलय नीति को समझाइए।

प्रश्न 8 हंटर कमीशन किससे संबाधित था ?

प्रश्न 9 कामा गाटामारू की घटना क्या है ? समझाइए।

प्रश्न 10 फासीवाद से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 11 वि. उपनिवेशीकरण से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 12 भारत में ब्रिटिश शासकों के औपनिवेशिक राज्य स्थापित करने के दो उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 13 उपभोक्तावाद से क्या अभिप्राय है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 पुरापाषाण युग की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए।

प्रश्न 15 प्रतिकात्मक मुद्रा के सिद्धांत का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 16 कानून का शासन तथा कानून के समक्ष समानता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 17 साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 18 सांस्कृतिक संस्थाएं शब्द का क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 19 महाजनपदों में कर वसूल करना क्यों महत्वपूर्ण था ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 गुप्तकालीन सामाजिक व्यवस्था को समझाइए।

अथवा

आरंभिक मध्यकाल में हुए मुख्य सांस्कृतिक विकास को समझाइये।

प्रश्न 21 मुगलकालीन केन्द्रीय प्रशासन व्यवस्था को समझाइऐ।

अथवा

अठारहवी शताब्दी की मुख्य सामाजिक कुरीतियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22 औद्योगिकरण ने यूरोप में राष्ट्रवाद को विकसित करने में किस प्रकार योगदान दिया? समझाइये।

अथवा

होमरूल आंदोलन क्या था? इसने भारतीय राष्ट्रवाद पर क्या प्रभाव डाला ? समझाइये।

प्रश्न 23 विज्ञापन किस प्रकार उपभोक्तवाद को बढ़ावा देते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

वेद किस प्रकार से साहित्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्पष्ट कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 प्राचीन भारतीय इतिहास के पुनर्निमाण में साहित्य श्रोतों की महत्ता को उदाहरण देकर समझाइये।

अथवा

किसी क्षेत्र की परिवेशीय परिस्थितियां वहां के संभावित संसाधनों का निर्धारण किस प्रकार करती है ? उदाहरण सहित समझाइये।

प्रश्न 25 विज्ञान एवं तकनीक ने किस प्रकार मानव जीवन को किस प्रकार बेहतर बनाया है ? समझाइये।

अथवा

बीसवीं सदी के दौरान हुए सांस्कृतिक परिवर्तन में शिक्षा और विद्यार्थियों की भूमिका को समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 1947 विजय के साथ–साथ महान त्रासदी का भी वर्ष था। कथन की विवेचना कीजिए।

अथवा

उदारवाद और समाजवाद कैसे एक दूसरे के विरोधी थे, जबकि दोनों मानव स्वतंत्रता प्राप्त करना चाहते थे ? कथन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 27 नाजी नीतियों के क्या उद्देश्य थे ? इन उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए हिटलर ने क्या क्या प्रयास किया ? क्या उसकी पद्धति उचित थी ? समझाइये।

अथवा

नया शीत युद्ध क्या है? यह शीत युद्ध से किस प्रकार से भिन्न था ? समझाइये।